# आकाशवाणी मध्यप्रदेश
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 04.07.2026 समय : 07.10PM

**मुख्य समाचार :–**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राजस्थान के बालोतरा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।**
- **उपराष्ट्रपति ने कहा सहकारिता, किसानों, महिलाओं और लघु उद्यमियों को सशक्त बनाने में एक शक्तिशाली भूमिका निभाती है।**
- **मुख्य निर्वाचन आयुक्त प्रदेश के दो दिन के दौरे पर , इंदौर में बूथ लेवल अधिकारियों के साथ किया संवाद।**
- **अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी ।**

**प्रधानमंत्री–राजस्थान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राजस्थान के बालोतरा में लगभग एक लाख 6 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं पेट्रोकेमिकल्स, शहरी परिवहन, रेलवे, सड़क, नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत पारेषण सहित कई क्षेत्रों में हैं। प्रधानमंत्री ने बालोतरा के पचपदरा में भारत का पहला ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल परिसर राष्ट्र को समर्पित किया। यह देश के ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

**अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस**

आज अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में उपराष्ट्रपति ने कहा कि सहकार से प्रेरित सहकारिता, किसानों, महिलाओं और लघु उद्यमियों को सशक्त बनाने में एक शक्तिशाली भूमिका निभाती है।

वहीं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सहकारिता भारत की संस्कृति, सामूहिक शक्ति और आत्मनिर्भरता की नींव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र ने नई गति प्राप्त की है और इसका उल्लेखनीय विस्तार हुआ है।

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने भी अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के विजन और सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन आज देश के विकास की प्रमुख धारा बना हुआ है।

**17वां टॉय बिज एक्सपो**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि खिलौनों के आयात में भारी गिरावट आई है और घरेलू खिलौना बाजार में देश में ही बने उत्पादों की हिस्सेदारी बहुत बढ गई है। नई दिल्ली में आयोजित 17वें टॉय बिज इंटरनेशनल बी2बी एक्सपो को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि भारतीय खिलौना निर्माता राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक खिलौना उद्योग का मूल्य लगभग 120 अरब डॉलर है, जबकि भारत की हिस्सेदारी केवल शून्य दशमलव दो से शून्य दशमलव तीन प्रतिशत है। श्री गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि इस क्षेत्र में विस्तार की अपार संभावनाएं हैं।

**रिजिजू– मानसून सत्र**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने आज बताया कि यह सत्र राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक बहस, चर्चा और निर्णयों पर केंद्रित होगा।

**नायडू – उडान योजना**

नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने आज कहा कि संशोधित उडान योजना का शुभारंभ भारत की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी यात्रा के अगले अध्याय का परिचायक है। श्री नायडू ने कहा कि यह योजना सौ नये हवाई अड्डों और दो सौ हेलीपैड के विकास में सुविधा प्रदान करेगी। इससे लाखों लोगों की हवाई यात्रा का सपना साकार होने के करीब आएगा और एक उभरते हुए भारत की आकांक्षाओं को जोड़ा जा सकेगा।

**ज्ञानेश कुमार– प्रदेश दौरा**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार प्रदेश के दो दिन के दौरे पर हैं। श्री कुमार ने आज इंदौर में आयोजित बूथ लेवल अधिकारियों के सम्मेलन में इंदौर, उज्जैन, देवास, धार और खंडवा जिले के एक हजार पांच सौ से अधिक बूथ लेवल अधिकारियों के साथ सीधा संवाद किया। इंदौर पहुंचने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि बूथ लेवल अधिकारी, चुनाव आयोग के आधार स्तंभ होते हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में चुनाव कर्मियों, बीएलओ ने मिलकर एसआइआर का काम बहुत अच्छा किया है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त कल ओंकारेश्वर और महेश्वर के धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे।

**उच्च एवं तकनीकी शिक्षा**

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने आज रीवा के अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय परिसर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया। मंत्री श्री परमार इसके बाद रीवा इंजीनियरिंग और रीवा आयुर्वेद कालेज की साधारण सभा की  बैठक में शामिल हुए। इस मौके पर प्रश्न पत्र चोरी होने के कारण बी.टेक चौथे सेमेस्टर की परीक्षा स्थगित होने पर उन्होंने कहा कि परीक्षा स्थगित की गई है। संबंधितों के खिलाफ FIR कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**मौसम**

प्रदेश में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से कई जिलों में जनजीवन प्रभावित हो गया है। नदियां और नाले उफान पर हैं, जिससे कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। बड़वानी और खरगोन जिले सबसे अधिक प्रभावित रह सकते हैं, जहां रेड अलर्ट घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने इंदौर और जबलपुर संभाग के जिलों में अति भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं देवास, सीहोर सहित 13 जिलों में भारी वर्षा होने का अनुमान है।

**एथेनॉल - विशेषज्ञ**

उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने कहा है कि एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम एक सुनियोजित, चरणबद्ध और वैज्ञानिक रूप से संचालित प्रक्रिया के जरिये लागू किया गया है। नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड की पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक वर्तिका शुक्ला ने कहा कि एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम 2018 में संरचित चर्चा और हितधारकों के परामर्श के लिए सार्वजनिक क्षेत्र में रखा गया था।

## संक्षिप्त समाचार

- छतरपुर जिले में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

- बैतूल के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कल स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके शामिल होंगे।

- देवास जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू निरोधक माह 01 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक मनाया जा रहा है।

- पन्ना जिले के प्राचीन मंदिरों और निजी संग्रहों से 64 हजार से अधिक प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियां खोज कर ज्ञान भारतम ऐप पर अपलोड कर दिया गया है।

- नीमच के रेडक्रॉस भवन में 6 जुलाई को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

- धार, खंडवा,रायसेन और आगरमालवा जिला मुख्यालय पर "सेफ क्लिक 2.0" साइबर जागरूकता अभियान पखवाड़ा अंतर्गत आज जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये ।

---